बिहार सरकार

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

आदेश

पत्रांक – वि० प्रा० (I) व2–06/2013–   पटना, दिनांक –

राज्य के सभी राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के विभिन्न संकायों में सहायक प्राध्यापक के रिक्त 408 पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु बिहार लोक सेवा आयोग को अधियाचना प्रेषित की गई है। आयोग द्वारा नियमित नियुक्ति की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। इस कारण विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के अन्तर्गत सभी राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में आदेश संख्या–2917 दिनांक–28.10.2013, 2915 दिनांक–28.10.2013 एवं 3130 दिनांक–21.11.2013 द्वारा संविदा के आधार पर विभिन्न संकायों में सहायक प्राध्यापकों को नियोजित किया गया था। नीचे उल्लेखित सहायक प्राध्यापकों की संविदा अवधि एक वर्ष समाप्त हो चुकी थी। उल्लिखित नियोजित सहायक प्राध्यापकों द्वारा सेवा अवधि विस्तार हेतु अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया था। इनके अभ्यावेदन के आलोक में पूर्व से नियोजित निम्न सहायक प्राध्यापकों को बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा नियमित नियुक्ति होने तक अथवा एक वर्ष जो पहले हो तक के लिए पूर्व में विभाग द्वारा निर्धारित मानदेय पर स्तम्भ–4 में उल्लिखित संस्थान के लिए चयन किया जाता है :–

क्रमांक	अभ्यर्थी का नाम	पदनाम/संकाय का नाम	संस्थान का नाम
1	2	3	4
1.	डा० ईना बहन	सहायक प्राध्यापक, भौतिकी	नालन्दा अभियंत्रण महाविद्यालय, चण्डी, नालन्दा
2.	डा० मीनल विजय	सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी	नालन्दा अभियंत्रण महाविद्यालय, चण्डी, नालन्दा
3.	श्री अजय कुमार	सहायक प्राध्यापक, क० सांईस	नालन्दा अभियंत्रण महाविद्यालय, चण्डी, नालन्दा
4.	श्री अनिल कुमार सिन्हा	सहायक प्राध्यापक, गणित	नालन्दा अभियंत्रण महाविद्यालय, चण्डी, नालन्दा
5.	श्री राम प्रवेश सिंह	सहायक प्राध्यापक, गणित	नालन्दा अभियंत्रण महाविद्यालय, चण्डी, नालन्दा
6.	डा० नीलू बसंत	सहायक प्राध्यापक, रसायन	नालन्दा अभियंत्रण महाविद्यालय, चण्डी, नालन्दा
7.	डा० सुशील कुमार	सहायक प्राध्यापक, भौतिकी	नालन्दा अभियंत्रण महाविद्यालय, चण्डी, नालन्दा
8.	डा० अजेन्द्र कुमार	सहायक प्राध्यापक, रसायन	गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया
9.	डा० अब्दूल मन्नान अंसारी	सहायक प्राध्यापक, रसायन	गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया
10.	डा० योगेन्द्र प्रसाद	सहायक प्राध्यापक, भौतिकी	गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया
11.	डा० प्रमोद कुमार	सहायक प्राध्यापक, भौतिकी	गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया
12.	प्रो० राय चन्द्रशेखर प्रसाद	सहायक प्राध्यापक, भौतिकी	गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया
13.	श्री चिंतामणी मंडल	सहायक प्राध्यापक, क० सांईस	भागलपुर अभियंत्रण महाविद्यालय, भागलपुर
14.	श्री मनोज कुमार रजक	सहायक प्राध्यापक, विद्युत	भागलपुर अभियंत्रण महाविद्यालय, भागलपुर

2. उपरोक्त संविदा पर नियोजित शिक्षक अभियंत्रण महाविद्यालय में सिर्फ पढ़ाने का कार्य संपादित करेंगे। भविष्य में विभाग/राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, बिहार, पटना में इनकी प्रतिनियुक्ति नहीं की जायेगी।

3. उपरोक्त चयनित अभ्यर्थी संलग्न विहित एकरारनामा प्रपत्र में संबंधित संस्थान के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य/विशेष कार्य पदाधिकारी से अनुबंध करेंगे।

4. एकरारनामा की तिथि ही संबंधित अभ्यर्थियों की योगदान की तिथि ही मानी जायेगी।

5. एकारारनामा में अनुबंध करने के पूर्व संबंधित प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य/विशेष कार्य पदाधिकारी अभ्यर्थियों की धारित अर्हता एवं अधिकतम आयु सीमा की जाँच अपने स्तर से सुनिश्चित करेंगे।

6. आदेश निर्गत की तिथि से 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर संबंधित अभ्यर्थी निश्चित रूप से एकरारनामा में संबंधित प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य/विशेष कार्य पदाधिकारी से अनुबंध कराना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा इनकी दावेदारी समाप्त समझी जायेगी।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू समझा जाय।

अनु०–एकरारनामा का विहित प्रपत्र।

ह०/–
निदेशक,
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक – वि० प्रा० (I) व^{2}**–06/2013–** 560 **पटना, दिनांक –** 10/3/2015

प्रतिलिपि – महालेखाकार, बिहार, पटना/सभी प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य/विशेष कार्य पदाधिकारी राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय/संबंधित कोषागार पदाधिकारी एवं उप कोषागार पदाधिकारी/विभाग के सभी पदाधिकारी/माननीय मंत्री के आप्त सचिव/प्रधान सचिव के आप्त सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी–II (बजट)/संबंधित सभी अभ्यर्थियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। विभागीय आई० प्रबंधक को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

10.03.15
निदेशक,
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

10/3/15